भारत सरकार
विदेश मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2149
दिनांक 21.12.2023 को उत्तर दिए जाने के लिए

ऑपरेशन कावेरी, ऑपरेशन गंगा और ऑपरेशन अजय का ब्यौरा

2149 श्री सतीश चंद्र दूबेः

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) ऑपरेशन कावेरी, ऑपरेशन गंगा और ऑपरेशन अजय का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या यह सच है कि इन ऑपरेशनों द्वारा वैश्विक राजनयिक समुदाय में भारत की स्थिति सुदृढ़ हुई है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
विदेश राज्य मंत्री
[श्री वी. मुरलीधरन]

(क) ऑपरेशन गंगा: भारतीय नागरिकों, मुख्य रूप से छात्रों को भारत सरकार की लागत पर यूक्रेन से सुरक्षित निकालने के लिए इसके पड़ोसी देशों रोमानिया, पोलैंड, हंगरी और स्लोवाकिया के माध्यम से 26 फरवरी 2022 को ऑपरेशन गंगा की घोषणा की गई थी। फरवरी और मार्च 2022 में 18,282 भारतीय नागरिकों को 90 उड़ानों द्वारा भारत वापस लाया गया, जिनमें 76 वाणिज्यिक उड़ानें और 14 आईएएफ़ उड़ानें शामिल थी।

ऑपरेशन कावेरी: भारत सरकार ने सूडान में 15 अप्रैल 2023 को उत्पन्न संकट के बाद वहां से भारतीय नागरिकों को वापस लाने के लिए ऑपरेशन कावेरी शुरू किया था। ऑपरेशन कावेरी सफलतापूर्वक संपन्न हुआ,जिसके तहत 4,097 लोगों (136 विदेशियों सहित) को आईएएफ़ की 18 उड़ानों, भारतीय नौसेना के जहाजों की 5 यात्राओं और 20 वाणिज्यिक उड़ानों की मदद से भारत वापस लाया गया। इसमें 108 भारतीय नागरिक भी शामिल थे, जो चाड, मिस्र, इथियोपिया और दक्षिण सूडान के साथ लगती सूडान की भूमि सीमाओं के माध्यम से वापस लाए गए हैं।

ऑपरेशन अजय: भारत सरकार ने इज़राइल से भारतीय नागरिकों की वापसी को सुकर बनाने के लिए 11 अक्टूबर 2023 को ऑपरेशन अजय शुरू किया। ऑपरेशन अजय के तहत अब तक छह विशेष उड़ानों द्वारा 1309 भारतीय नागरिक, 14 ओसीआई कार्ड धारक और 20 नेपाली इजरायल से भारत लौट आए हैं।

(ख) और (ग) सरकार विदेशों में मौजूद भारतीयों की सलामती को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है और संकट में फंसे भारतीयों को हर संभव सहायता प्रदान की गई है। ऑपरेशन अजय, ऑपरेशन गंगा और ऑपरेशन कावेरी उपरोक्त नीति के अनुरूप हैं।

*****